पंजी. क्र. S/25125/1993

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

केन्द्रीय कार्यालय : शैक्षिक महासंघ सदन, 606/13, कृष्णा गली नं.9, मौजपुर, दिल्ली-110053

दूरभाष : 011-22914799, 9868711893, 9414040403, 9414068780, 9343211679

E-mail:abrsmdelhi@gmail.com, abrsmbharat@gmail.com, Website: **www.abrsm.in**

ABRSM

# राष्ट्रीय साधारण सभा

## महामंत्री प्रतिवेदन

### 7 अक्टूबर 2018, इन्दौर (म.प्र.)

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-शिक्षा, शिक्षक एवं समाज के हितार्थ सांस्कृतिक राष्ट्रभाव के वैचारिक अधिष्ठान को लेकर सतत् रूप से प्रयत्नशील है। महासंघ की नवम्बर 2017 से अभी तक की महत्त्वपूर्ण गतिविधियों का संक्षिप्त वृत्त निम्न प्रकार है -

## महासंघ के स्थायी कार्यक्रम

### कर्तव्य बोध दिवस

12 जनवरी से 23 जनवरी (स्वामी विवेकानन्द जयन्ती से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती) के मध्य कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम महासंघ के सभी संबद्ध संगठनों द्वारा सम्पन्न किये गये। महाविद्यालय एवं विद्यालय स्तर तक की 838 इकाइयों द्वारा 264 जिलों में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। कार्यक्रमों में शिक्षकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शिक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की, जिनकी संख्या लगभग 76,000 रही।

### वर्ष प्रतिपदा

वर्ष प्रतिपदा पर शुभेच्छा प्रेषण के अनेक कार्यक्रम महासंघ के कार्यकर्ताओं एवं सम्बद्ध संगठनों द्वारा सम्पन्न किये गये। अनेक स्थानों पर नववर्ष के अवसर पर संगोष्ठियाँ भी आयोजित की गई।

### गुरुवन्दन कार्यक्रम

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर महासंघ से सम्बद्ध इकाइयों द्वारा खण्ड/ तहसील एवं महाविद्यालय स्तर तक गुरुवन्दन कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। महर्षि वेदव्यास के प्रेरक जीवन के आलोक में भारतीय शिक्षक परम्पराओं का परिचय कराने के संदर्भ में 21 राज्यों में लगभग 700 स्थानों पर गुरुवन्दन कार्यक्रम सम्पन्न हुए जिनमें 50,000 से अधिक शिक्षक, विद्यार्थी, शिक्षा अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समाज के अनेक श्रेष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन इन कार्यक्रमों में प्राप्त हुआ।

### शाश्वत जीवन मूल्य - जनजागरण अभियान

भारतीय जनमानस की पहचान जिन शाश्वत जीवन मूल्यों से थी, धीरे-धीरे इनका क्षरण हुआ है और हमारी श्रेष्ठ परम्पराओं का क्षरण लुप्त हुआ है। भ्रष्टाचार का संकट, राष्ट्रीयता का क्षरण, सामाजिक चेतना का अभाव, सांस्कृतिक एवं चारित्रिक संकटों का सामना करने के लिए शाश्वत जीवन मूल्य विषय को आधार बनाकर सम्पूर्ण देश में भारतीय जीवन मूल्यों की श्रेष्ठ परम्परा को सुदृढ़ करने के ध्येय से इसे जन जागरण अभियान के रूप में गत तीन वर्ष से चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से गाँव-गाँव एवं विद्यालय-विद्यालय तक पहुँचने का प्रयास है। इस वर्ष जिला स्तर से आगे बढ़ते हुए तहसील/ खंड/ गाँवों एवं विद्यालयों में पहुँचने की योजना बनी है।

**'शिक्षा भूषण' अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान** - 6 अक्टूबर, 2018 को चतुर्थ 'शिक्षा भूषण' अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान, विक्रम संवत् 2075 का समारोह ओरियन्टल यूनिवर्सिटी, इन्दौर में चिन्मय मिशन, चेन्नई के पूज्य स्वामी मित्रानन्द जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस भव्य समारोह में 'शिक्षा भूषण' अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान से शिक्षा क्षेत्र में असाधारण कार्य करने वाले कर्नाटक के प्रो. रामचन्द्र जी भट, महाराष्ट्र की डॉ. स्वर्णलता चन्द्रशेखर भिशीकर तथा बिहार के प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं व गणमान्य व्यक्तियों सहित विशाल संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

शिक्षक सम्मान में प्रत्येक सम्मानित शिक्षक को एक-एक लाख रुपये, एक-एक रजत चिन्ह, सम्मानपत्र, शॉल व श्रीफल प्रदान किये जाते हैं। यह सम्मान पूर्णतया शिक्षकों से जीवन में मात्र एक बार 100 रुपया प्रति सदस्य एकत्रित की जाने वाली धनराशि के अक्षय कोष (Corpus Fund) से प्राप्त ब्याज की राशि से सम्पन्न करने का निर्णय लिया गया है।

### अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन

'वसुधैव कुटुम्बकम्' विषय पर एक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में 24 एवं 25 फरवरी, 2018 को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में विश्व के कुछ देशों के विद्वानों ने भाग लिया। वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन पर दो दिन गहन चिन्तन-मनन किया गया एवं 80 से अधिक शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। आगे इस पर परिणामात्मक कार्य करने की योजना भी बनी।

**राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ**

महासंघ तथा सम्बद्ध संगठनों के आतिथ्य में समसामयिक विषयों को लेकर अनेक राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ सम्पन्न हुई। कुछ उल्लेखनीय निम्न प्रकार है।

- बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार' पर संगोष्ठी सम्पन्न।
- 'कुटुम्ब प्रबोधन' पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम एवं व्याख्यान 6 जनवरी, 2018 को जयपुर में एवं 13 जनवरी, 2018 को दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में सम्पन्न।
- 3 फरवरी 2018 को डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, फैजाबाद में 'उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ एवं समाधान' विषय पर व्याख्यान।
- हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ द्वारा 'प्राथमिक शिक्षा–दशा और दिशा' विषय पर 29–30 मार्च 2018 को एक संगोष्ठी सम्पन्न।
- 22 अप्रैल, 2018 को 'शिक्षक प्रशिक्षणों की उपादेयता' विषय पर कार्यशाला।
- मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा नरसिंहपुर में 'शाश्वत जीवन मूल्यों' पर संगोष्ठी।
- अखिल भारतीय मीडिया कार्यशाला 5 एवं 6 मई, 2018 को आई.आई.एम.सी., नई दिल्ली में सम्पन्न।
- रुक्टा राष्ट्रीय का प्रदेश चिन्तन वर्ग 15–17 जून, 2018 को जयपुर में सम्पन्न।
- 'उच्च शिक्षा में नैतिकता एवं कार्य संस्कृति' विषय पर 8 जुलाई, 2018 को जयपुर में संगोष्ठी सम्पन्न।
- 15–16 सितम्बर, 2018 को 'मानवाधिकार– राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय चुनौतियाँ' विषय पर एक संगोष्ठी पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के सहयोग से सम्पन्न।

**प्रकाशन**

**शैक्षिक मंथन ( मासिक ) पत्रिका** का पिछले 12 वर्षों से नियमित प्रकाशन।

**'कुटुम्ब प्रबोधन'** पुस्तक का प्रकाशन, लेखक श्री हनुमान सिंह राठौड़।

**एक शिक्षक-एक वृक्ष**

शैक्षणिक परिसरों में पर्यावरण के प्रति चेतना जाग्रत करने तथा धारणक्षम विकास हेतु अपने कर्तव्य निभाने के लिए एक शिक्षक–एक वृक्ष लगाने एवं उसका संरक्षण करने का संकल्प लेने का अभियान प्रारम्भ किया गया।

**सामाजिक सरोकार एवं सामाजिक समरसता**

सम्बद्ध संगठनों द्वारा समाज से जुड़ने के अनेक कार्यक्रम इस वर्ष हाथ में लिये। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में प्रतिभा सम्मान, विभिन्न राज्यों में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, गुजरात में विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास शिविर, जल संरक्षण, राजस्थान एवं गुजरात में समरसता दिवस कार्यक्रम, कई राज्यों में रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण रैली, साईकिल रैली जैसे अनेक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

**कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग**

कार्यकर्ताओं की गुणवत्ता, कार्य शैली, कार्य व्यवहार एवं ध्येय स्मरण हेतु  विभिन्न राज्यों यथा दिल्ली, जम्मू, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, केरल आदि प्रान्तों में विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण वर्ग एवं प्रदेश कार्यकर्ता अभ्यास वर्गों का आयोजन किया गया। इनमें महासंघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

**शिक्षा समूह बैठक**

महासंघ के प्रतिनिधियों ने 28 एवं 29 जुलाई 2018 को जयपुर में सम्पन्न शिक्षा समूह बैठक में केवल भाग ही नहीं लिया अपितु इसके आयोजन की जिम्मेदारी का भी निर्वहन किया तथा विभिन्न विषयों पर महासंघ का दृष्टिकोण रखा। 'यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र – दशा एवं दिशा' पर महासंघ द्वारा विशेष पक्ष रखा गया।

**महिला समन्वय**

अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण रखने वाले संगठनों की महिला कार्यकर्ताओं के प्रबोधन हेतु सम्पन्न होने वाली महिला समन्वय बैठकों में शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध संगठनों की महिला कार्यकर्ता इन बैठकों में भाग लेती रही हैं। इस वर्ष 21 व 22 अक्टूबर, 2018 को नागपुर (महाराष्ट्र) में तथा उ.प्र. सरकार द्वारा प्रयाग कुंभ के अवसर पर आयोज्य पाँच वैचारिक कुंभ में से एक 'नारी कुंभ' वृन्दावन के आयोजन में भी संगठन की महिला प्रतिनिधि भाग लेंगी।

**राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक**

3–4 फरवरी, 2018 को विवेक सृष्टि, अयोध्या (उ.प्र.) में तथा 26–27 मई, 2018 को सरदार बल्लभ भाई पटेल सहकार भवन, अहमदाबाद (गुजरात) में राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें शिक्षक समस्याओं के साथ विभिन्न सम्पन्न कार्यक्रमों की समीक्षा, आगामी कार्ययोजना पर विचार विमर्श होकर निर्णय लिए गये।

**राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक**

2 फरवरी, 2018 को विवेक सृष्टि, अयोध्या (उ.प्र.) में प्राथमिक संवर्ग, 25 मई, 2018 को सरदार बल्लभ भाई पटेल सहकार भवन, अहमदाबाद (गुजरात) में माध्यमिक संवर्ग तथा 10 जून, 2018 को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में उच्च शिक्षा संवर्ग की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई।

**सम्बद्धता**

अक्टूबर 2017 के पश्चात् निम्न संगठनों को सम्बद्धता प्रदान की गई।

1. देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, इन्दौर (म.प्र.)
2. बरकतुल्ला यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, भोपाल (म.प्र.)
3. चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, जींद (हरियाणा)
4. भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, खानपुर कलां, सोनीपत (हरियाणा)
5. कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)
6. जम्मू सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, जम्मू कश्मीर
7. त्रिपुरा राज्य महाविद्यालय शैक्षिक संघ
8. त्रिपुरा विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, अगरतला (त्रिपुरा)
9. हिमाचल प्रदेश महाविद्यालय शैक्षिक संघ
10. गुजरात विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, अहमदाबाद (गुजरात)
11. जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, दिल्ली
12. चौधरी बंशीलाल यूनिवर्सिटी शैक्षिक संघ, भिवानी (हरियाणा)

**सम सामयिक विषयों पर अपना पक्ष रखना**

समय समय पर समसामयिक विषयों पर महासंघ का मत सरकार, शासन एवं समाज के समक्ष तुरन्त रखा जाये इसकी व्यवस्था बनाने के सम्बन्ध में पहल की गई। 15 नवम्बर, 2017 व 4 अप्रैल, 2018 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माननीय मंत्री महोदय को तथा 5 फरवरी 2018, 6 जून 2018 व 19 जुलाई 2018 को अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को विभिन्न विषयों पर महासंघ का पक्ष रखा गया।

**नवीन शिक्षा नीति**

महासंघ के राज्यस्तरीय संगठनों एवं विश्वविद्यालय स्तरीय संगठनों द्वारा नई शिक्षा नीति पर बड़ी संख्या में संगोष्ठियों एवं परिचर्चाओं का आयोजन किया गया तथा महासंघ के समग्र दृष्टिकोण को मानव संसाधन विकास मंत्री एवं नवीन शिक्षा नीति की समिति के समक्ष 13 नवम्बर, 2017 को बेंगलुरु में नवीन शिक्षा नीति के अध्यक्ष डॉ. कस्तूरी रंगन व समिति सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**संगठनात्मक**

महासंघ के संस्थापक माननीय मुकुन्दराव कुलकर्णी के योगदान को लिपिबद्ध करने एवं इसके लिए एक स्मृति ग्रन्थ प्रकाशन की योजना है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का संगठनात्मक व्याप बढ रहा है। 26 राज्य व 2 केन्द्र शासित प्रदेशों के 35 राज्यस्तरीय संगठन एवं 92 विश्वविद्यालयों में महासंघ का कार्य नियमित रूप से चल रहा है। 115 से अधिक अन्य विश्वविद्यालयों में हमारा सम्पर्क है। इन सभी सम्बद्ध संगठनों में महासंघ के स्थायी कार्यक्रमों के साथ-साथ महिला सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए महिला सम्मेलन तथा महिला कार्यकर्ताओं के अलग से अभ्यास वर्ग भी हो रहे हैं। 15-16 दिसम्बर, 2017 को भोपाल में केन्द्रीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न हुई। महासंघ के कार्यवृद्धि हेतु पूर्ण कालिक कार्यकर्ता एवं विस्तारक योजना को स्वीकार कर उस पर कार्य प्रारम्भ हुआ है।

**शिक्षक समस्याओं के समाधान का प्रयास**

**मांग पत्र प्रस्तुत करना** - विद्यालयीन शिक्षा का 18 सूत्रीय ज्ञापन जिला कलक्टर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री, राज्यों के मुख्य मंत्री एवं शिक्षा मंत्री को दिया गया। उच्च शिक्षा का 11 सूत्रीय माँग-पत्र माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार तथा प्रदेशों के माननीय मुख्यमंत्रियों एवं शिक्षा मंत्रियों को प्रस्तुत किया गया।

**माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से भेंट** - महासंघ द्वारा सौंपे गये माँग पत्र पर मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर जी एवं विभाग के अधिकारियों के साथ महासंघ के प्रतिनिधि मंडल की 15 नवम्बर 2017 को वार्ता हुई। वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। शिक्षक समस्याओं के अनेक विषयों पर मंत्री महोदय का मत बहुत सकारात्मक रहा। कतिपय विषयों पर सहमति भी व्यक्त की, ये निम्न हैं -

- निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के प्रावधानों पर पुनर्विचार करना।
- 2004 से पूर्व सेवा में आये सभी शिक्षकों को संस्थान बदलने पर पुरानी पेंशन योजना लागू रखना।
- सातवें वेतनमान को सम्पूर्ण देश में एक समान रूप से लागू करने के लिए केन्द्र से एडवायजरी भेजना।
- सभी स्तरों पर शिक्षकों की नियमित नियुक्ति सुनिश्चित करना।
- प्राचार्यों के कार्यकाल में वृद्धि करना।
- ए.पी.आई. को व्यावहारिक बनाना अथवा वैकल्पिक व्यवस्था देना।
- अनुदानित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए डाइरेक्ट डेबिट ट्रान्सफर पद्धति अपनाना।
- कार्यरत शिक्षकों के पीएच.डी. कोर्स वर्क की अवधि को अध्ययन अवकाश में सम्मिलित करना।
- सेवानिवृत्ति आयु एक समान 65 वर्ष करना।
- प्राथमिक शिक्षा मातृ-भाषा में देना।
- पीएच.डी. गाइड नियमों को सरल बनाना।
- 5 फरवरी, 2018 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो. डी.पी. सिंह जी से महासंघ के पदाधिकारियों की 13 सूत्रीय माँग-पत्र पर सकारात्मक चर्चा हुई।

उपर्युक्त में से कुछ के सम्बन्ध में आदेश भी प्रसारित हुए हैं। सातवें वेतन आयोग के सम्बन्ध में आदेश प्रसारित हो गये हैं। उच्च शिक्षा के भी आदेश प्रसारित हो गये हैं।

इसी प्रकार राज्य संगठनों एवं विश्वविद्यालय संगठनों ने अनेक समस्याओं को लेकर शासन को ज्ञापन, विरोध प्रदर्शन, धरने एवं सामूहिक अवकाश आदि आंदोलन किये। कतिपय उल्लेखनीय कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं–

- राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा वर्ष भर संघर्षरत रहने का परिणाम पदनाम परिवर्तन से संबंधित नोटिफिकेशन 30 जनवरी, 2018 को जारी कर दिया है और अब कॉलेज व्याख्याता, सहायक प्रोफेसर, सह प्रोफेसर तथा प्रोफेसर होंगे। नवीन यू.जी.सी. वेतनमानों के आदेश भी जारी कर दिये गये हैं।
- कर्नाटक राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा पदोन्नति एवं नई भर्ती आदि माँगों को लेकर विभिन्न जिलों में ज्ञापन तथा शिक्षा मंत्री को भी ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- देशीय अध्यापक परिषद (NTU), केरल द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तिरूवन्तपुरम में सचिवालय के समक्ष रैली की एवं धरना दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को लेख द्वारा अपमानित करने का धरना देकर विरोध किया गया।
- कर्नाटक राज्य महाविद्यालय शैक्षिक संघ (KRMSS) द्वारा यू.जी.सी. नियमों को शिक्षकों के अनुकूल बनाने की माँग की।
- एनडीटीएफ के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर से वार्ता की। एन.डी.टी.एफ. ने दिल्ली सरकार की कोटा राजनीति का किया विरोध।
- दिल्ली अध्यापक परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को ज्ञापन सौंपा एवं वार्ता की। दिल्ली अध्यापक परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न माँगों के सन्दर्भ में उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल से भेंट की।
- महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, बडौदा द्वारा गुजरात राज्य के माननीय मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री से भेंटकर शिक्षक समस्याओं पर वार्ता की।
- हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ द्वारा विभिन्न माँगों को लेकर शासन को ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा सातवें वेतन आयोग लागू करने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किये। विसंगतियों की विभिन्न माँगों को लेकर धरना-प्रदर्शन। 5 जनवरी, 2018 को राजकीय विद्यालयों को पीपीडी मोड पर देने का विरोध करते हुए ज्ञापन दिये एवं विरोध प्रदर्शन किया। 10 अगस्त 2018 को जिला स्तर पर रैली प्रदर्शन। 10 सितम्बर से 25 सितम्बर तक डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुलपर क्रमिक धरना तथा 2 अक्टूबर को लगभग 3000 शिक्षकों द्वारा मौन जुलूस तथा उपवास किया गया।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, गुजरात द्वारा विभिन्न माँगों को लेकर शिक्षा मंत्री से भेंट की तथा क्षेत्रीय विधायकों को ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- महाराष्ट्र राज्य मान्य खाजगी प्राथमिक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर महासंघ द्वारा अतिरिक्त शिक्षकों के समायोजन तथा अन्य माँगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।
- उस्मानिया विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, तेलंगाना द्वारा सातवें वेतनमान समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।
- आन्ध्रप्रदेश में विभिन्न माँगों को लेकर जिला केन्द्रों पर धरना दिया गया।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखण्ड द्वारा विभिन्न माँगों को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट कर वार्ता की।
- मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा 22 दिसम्बर, 2017 को मा. मुख्यमंत्री जी के साथ प्रतिनिधि मंडल का संवाद हुआ, जिसमें से संविलयन की माँग स्वीकार की गई।
- सरगुजा विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा सातवें वेतनमान को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तरप्रदेश द्वारा विभिन्न माँगों को लेकर शासन को ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न माँगों को लेकर सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- ऑल जम्मू कश्मीर एण्ड लद्दाख टीचर्स फैडरेशन द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षामंत्री से भेंट कर वार्ता की तथा अधिकारियों के साथ एक शिष्टमंडल मिला। 21 नवम्बर, 2017 को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के साथ प्रतिनिधि मण्डल की शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा। 22 अगस्त, 2018 को प्रतिनिधि मण्डल मानव सांधन विकास मंत्री से दिल्ली में भैंट की तथा केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह को ज्ञापन दिया।
- ओडिशा की उच्च शिक्षा संवर्ग इकाई द्वारा भुवनेश्वर में राजभवन के समक्ष महाविद्यालयीन शिक्षा में उडिया व संस्कृत विषय रखे जाने हेतु धरना दिया एवं ज्ञापन प्रस्तुत किया।
- आन्ध्र प्रदेश उपाध्याय संघ द्वारा जिला केन्द्रों पर सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन।
- अनेक सम्बद्ध संगठनों द्वारा चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए जनजागरण अभियान चलाया गया एवं चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का संकल्प लिया।
- कर्नाटक राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न जिलों में ज्ञापन।
- महाराष्ट्र राष्ट्र शिक्षक परिषद द्वारा 9 जनवरी 2018 से शिक्षा बचाओ आन्दोलन प्रारम्भ किया गया।
- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (बिहार) के निरन्तर आन्दोलन के फलस्वरूप 419 शिक्षकों को प्रोन्नति दी गई और बकाया भुगतान के लिए लिखित समझौता हुआ।

**शिवानन्द सिन्दनकेरा**
महामंत्री
अ.भा. राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ